दिन–सोमवार दिनांक– 01/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

अठारहवीं बिहार विधानसभा का प्रथम सत्र आज से शुरू हो गया है। पाँच दिवसीय सत्र के पहले दिन आज प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिला रहे हैं। सबसे पहले मंत्रिमंडल के सदस्यों ने शपथ ली। मंत्रियों के बाद राजद विधायक दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने शपथ ली। कई विधायकों ने मैथिली, उर्दू और संस्कृत भाषा में भी शपथ ली। सत्र के दूसरे दिन कल नए अध्यक्ष का चुनाव होगा। तीन दिसंबर को राज्यपाल दोनों सदनों, विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। इसी दिन दूसरा अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। सत्र के चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। सत्र के अंतिम दिन दूसरे अनुपूरक बजट पर बहस और विनियोग विधेयक पर चर्चा की जायेगी।

———————————————————

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। उन्नीस दिनों तक चलने वाले इस सत्र में कुल पन्द्रह बैठकें होंगी। लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे जब शुरू हुई, तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अभिनेता धर्मेंद्र, कर्नल सेवानिवृत्त सोना राम चौधरी, प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा और रवि नाइक के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ने सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान को याद किया, जिसके बाद सदन में उनकी याद में एक मिनट का मौन रखा गया। लोकसभा में प्रश्नकाल शुरू होने पर विपक्षी सांसदों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर नारेबाजी शुरू कर दी। श्री बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों के व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही बाधित करना उचित नहीं है। इस अपील के बावजूद सांसदों ने विरोध जारी रखा, जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

वहीं, राज्यसभा में कार्यवाही शुरू होने पर नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई। पहली बार राज्यसभा की अध्यक्षता करने वाले सदन के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्री राधाकृष्णन का एक साधारण पृष्ठभूमि से उपराष्ट्रपति पद तक का सफर देश के लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है। श्री मोदी ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में सदन, महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेगा और निर्णय लेगा। उपसभापति हरिवंश ने भी श्री राधाकृष्णन का स्वागत किया।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि शीतकालीन सत्र केवल एक परम्परा ही नहीं बल्कि यह भारत को विकास की ओर ले जाने के प्रयासों को बल देता है। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले संवाददाताओं से बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि भारत की आर्थिक उन्नति आज उल्लेखनीय ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि यह गति भारत को विकसित राष्ट्र बनने के मार्ग पर बढ़ने का नया आत्मविश्वास देगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सिद्ध कर दिया है कि लोकतंत्र परिणाम दे सकता है। श्री मोदी ने सभी दलों से आग्रह किया कि शीतकालीन सत्र हार से पैदा हुई हताशा का युद्धक्षेत्र न बने और न ही जीत से पैदा हुए अहंकार का अखाड़ा बने। उन्होंने कहा कि राजनीति में नकारात्मकता की कुछ उपयोगिता हो सकती है, लेकिन अंततः राष्ट्र निर्माण के लिए सकारात्मक सोच की आवश्यकता होती है।

———————————————————

आज विश्व एड्स दिवस है। यह दिन लोगों को एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और एचआईवी पीडित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त करने का भी अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि यह दिवस एचआईवी की रोकथाम, उपचार और देखभाल के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विश्व एडस् दिवस पर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————

प्रदेशभर के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान ग्यारह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

————————————————————————

समाप्त